मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0

तृतीय तल, अपट्रान भवन, गोमती नगर, लखनऊ

फैक्स नं0–0522–2304363
फोन नं0–2308501, 2307093, 2307094

ई मेल–lkomdm@gmail.com
Website : www.upmdm.org

पत्रांक : म0भो0प्रा0/8-269/2011–12 दिनॉंक 21 अप्रैल, 2011

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

विषयः मध्यान्ह भोजन योजना के बेहतर संचालन हेतु सामाजिक संस्थाओं से सहभागिता के सम्बन्ध में।

महोदय,

मध्यान्ह भोजन योजना मा0 सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के क्रम में संचालित प्रदेश सरकार के मुख्य फ्लैगशिप कार्यक्रमों में से एक है। जिसके बेहतर संचालन हेतु समय–समय पर सामाजिक कार्यो से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं से भी आवश्यकतानुसार सहयोग एवं सुझाव आमंत्रित किये जाते हैं। मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश की वेबसाइट (www.upmdm.org) पर जनसामान्य द्वारा फीडबैक उपलब्ध कराए जाने हेतु व्यवस्था भी की गयी है। जिस पर प्राप्त सुझावो को योजना के बेहतर संचालन हेतु सम्मिलित किया जाता है।

इस सम्बन्ध में पूर्व में भी शासन के पत्र संख्याः 2694/79–6–2007 दिनांक 09.10.2007 (छायाप्रति संलग्न) के द्वारा कतिपय संस्थाओं यथा–महिला समाख्या, आकांक्षा समिति, रोटरी क्लब, लाइन्स क्लब, इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन एवं आर्मी आफीसर्स वाइफ वेलफेयर एसोसिएशन को योजना में विजिटर्स के रूप में इस आशय से नामित किया गया है कि उक्त संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना से आच्छादित विद्यालयों का भ्रमण किया जायेगा एवं योजना का अनुश्रवण कर यथोचित सुझावों से सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी को अवगत कराया जायेगा। इन संस्थाओं के अध्यक्ष जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित टास्क फोर्स की मासिक बैठक में आमंत्रित सदस्य होंगे।

अतः तत्सम्बन्धी जारी शासनादेश की प्रति इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जा रही है कि पूर्व में निर्धारित व्यवस्था के अनुसार उल्लिखित संस्थाओं की सहभागिता हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

संलग्नक–उक्तवत्।

भवदीय,

(संतोष कुमार)
अपर निदेशक

पृष्ठांकन संख्या एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक), उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उत्तर प्रदेश।

(संतोष कुमार)
अपर निदेशक

उत्तर प्रदेश शासन,
शिक्षा अनुभाग–6
संख्या:2694/79–6–2007
लखनऊ दिनांक 09.10.2007

कार्यालय ज्ञाप

प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में संचालित मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन में पारदर्शिता लाने, इसकी गुणवत्ता बढ़ाने तथा इसके अनुश्रवण हेतु सोशल आडिट की व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निमित्त मध्यान्ह भोजन योजना से आच्छादित प्राथमिक विद्यालयों का भ्रमण कर इस सम्बन्ध में अपने प्रेक्षण (Observation) तथा सुझाव देने हेतु निम्नलिखित संस्थाओं को विजिटर्स नामित किया जाता है:–

1. महिला समाख्या
2. आकांक्षा समिति
3. रोटरी क्लब
4. लाइन्स क्लब
5. इण्डियन मेडिकल एसोशिएसन
6. आर्मी आर्फीसर्स वाइफ वेल्फेयर एसोशिएसन

2. उक्त संस्थाओं के प्रतिनिधियों द्वारा मध्यान्ह भोजन योजना से आच्छादित प्राथमिक विद्यालयों का भ्रमण किया जाएगा। प्राथमिक विद्यालयों के भ्रमण के दौरान यह लोग मध्यान्ह भोजन योजना से सम्बन्धित विभिन्न बिन्दुओं यथा–नियमित रूप से मीनू के अनुसार भोजन बनना, बच्चों को पूरी मात्रा में भोजन दिया जाना, भोजन की गुणवत्ता, भोजन निर्माण में साफ–सफाई/सुरक्षा तथा पानी की व्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना के संचालन की स्थिति देखेंगें तथा तदोपरान्त इनके द्वारा अपने प्रेक्षण (Observation) तथा सुझावों से सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी को अवगत कराया जाएगा। इन संस्थाओं का उत्तरदायित्व मध्यान्ह भोजन योजना की उपादेयता एवं गुणवत्ता को देखना तथा इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी को अपने सुझाव देने का होगा। इन संस्थाओं के अध्यक्ष जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित मध्यान्ह भोजन योजना सम्बन्धी टास्क फोर्स की मासिक बैठक में आमंत्रित सदस्य होंगे।

3. विजिटर्स को काई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

4. उपरोक्त संस्थाओं के अतिरिक्त जिलाधिकारी सम्बन्धित जनपद में कार्यरत अन्य कोई एक प्रतिष्ठित संस्था को अपने स्तर से विजिटर नामित कर सकेंगे।

ह0
(रोहित नंदन)
प्रमुख सचिव

संख्या: /तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. निदेशक, मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण, उ0प्र0, लखनऊ।
2. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
3. अध्यक्ष, महिला समाख्या, आकांक्षा, रोटरी क्लब, लाइन्स क्लब, इण्डियन मेडिकल एसोशिएसन एवं आर्मी आर्फीसर्स वाइफ वेल्फेयर एसोशिएसन।

आज्ञा से,
ह0
(आर.सी.घिल्डियाल)
संयुक्त सचिव